उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
शान्तिपुरम् (सेक्टर-एफ), फाफामऊ, प्रयागराज– 211021
मोबाइल - 7525048009
ई–मेल – coe@uprtou.ac.in

परीक्षा नियंत्रक

पत्रॉक ओ0यू0 / परीक्षा / 301 / 2025

दिनाँक 28 /07 /25

## आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सभी क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयको को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत सूचना संख्या **पत्रॉक ओ0यू0 / परीक्षा / 162 / 2021 दिनाँक 22 / 03 / 2021** का अनुपालन अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित करें। जिसके अन्तर्गत सूचित किया गया था कि परीक्षकों के किसी भी प्रकार के देयक (अधिन्यास / सत्रांत मूल्यांकन, मौखिकी आदि) के भुगतान हेतु सम्बन्धित परीक्षको का अनुमोदन कार्य के पूर्व प्राप्त करना सुनिश्चित करें साथ ही ऐसे अनुमोदित सूची की छायाप्रति संलग्न करते हुए ही देयक प्रस्तुत करें। सभी क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक यह भी संज्ञानित होने का कष्ट करें कि किसी भी परीक्षक का अनुमोदन तीन वर्ष के लिए किया जाता है। अतः अनुमोदन हेतु सूची प्रस्तुत करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रस्तुत सूची के परीक्षक पूर्व में (तीन वर्ष के अन्दर) अनुमोदित तो नहीं हैं। अध्ययन केन्द्र समन्वयक अपने से सम्बन्धित परीक्षकों की सूची तथा उनका देयक अपने क्षेत्रीय केन्द्र के माध्यम से ही प्रस्तुत करें।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

पृ. संख्या : ओ.यू. / परीक्षा / / 2025 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. कुलपति जी के निजी सचिव को मा. कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
3. वित्त अधिकारी, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
4. प्रभारी, आई.सी.टी. प्रकोष्ठ को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल Upload करवाने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक